# दातिए तेरे एहसान | By Jyoti Chauhan Haryana |

कैसे चुकाए दातीये एहसान तेरे हम
इतना दिया है तूने माँ होगा कभी न कम

भक्ति में जिसने तेरी जीवन बिताया रे
आसान नहीं थी मंज़िल, रास्ता दिखाया रे
हम जैसे पापियों पे भी तूने किए करम
कैसे चुकाए दातीये एहसान तेरे हम

उसका बिगाड़ सकती क्या मौत बाल भी
रहमत से तेरी जिसके बस में हो काल भी
फिर कैसे हारे कोई भी माने तेरे नियम
कैसे चुकाए दातीये एहसान तेरे हम

ज़िंदगी सँवर गई मेरी मैया के नाम से
खुशियाँ मिली हमें यहाँ तेरे ही धाम से
रहमो करम तेरी सदा पाते रहें यूँ हम
कैसे चुकाए दातीये एहसान तेरे हम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%bf%e0%a4%8f-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%8f%e0%a4%b9%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-jyoti-chauhan-haryana/